(ग) यदि हां, तो कब तथा इस सुविधा को बन्द करने के क्या कारण थे ;

(घ) क्या सरकार वहां विमानन सुविधाएं पुनः चालू करने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां। मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिले में चकरभाटा स्थित हवाई अड्डा राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण का है। इसे 1986 में राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंपा गया था।

(ख) और (ग) जी, हां। वायुदूत ने 17-1-1988 से सितम्बर, 1990 तक बिलासपुर के लिए/से अपनी सेवाएं प्रचालित की थीं। वाणिज्यिक तथा प्रचालनात्मक कठिनाइयों के कारण सितम्बर, 1990 के बाद बिलासपुर के लिए। से वायुदूत सेवाएं बन्द कर दी गयी थीं।

(घ) और (ङ) वाणिज्यिक और प्रचालनात्मक कारणों से वायुदूत की बिलासपुर के लिए/से सेवाएं बहाल करने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है।

Agreement with foreign Airlines for Haj Pilgrims

5884. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Air India has entered into an agreement with a foreign Airline company to send Haj pilgrims to Jeddah and bring them back in 1994;

(b) if so, what is the name of the Airline company; what amount in terms of Indian Rupee, that company had mentioned in the quotation to be charged per Haj pilgrim;

(c) for what amount in terms of Indian rupee per pilgrim, Air India had contracted to pay to this foreign Airlines per pilgrim; and

(d) what are the details of the overheads kept by Air India?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

देश में हवाई अड्डे

5885. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितने हवाई अड्डे हैं ;

(ख) इनमें से कितने हवाई अड्डे कार्यरत है तथा कितने बन्द पड़े हैं ;

(ग) 1994--98 की अवधि के दौरान कितने हवाई अड्डों का निर्माण करने का विचार है ; और

(घ) इन हवाई अड्डों का निर्माण किन-किन शहरों में किया जाएगा ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) देश में राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 87 अन्तर्देशीय हवाई अड्डे तथा 28 सिविल एन्क्लेव हैं तथा भारत अन्तरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 5 अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। इनमें से राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 30 हवाई अड्डे तथा 9 सिविल एन्क्लेव प्रचालन में नहीं हैं।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण की 1994-98 में मेघालय में तूरा में एक नये हवाई अड्डे का निर्माण करने की योजना है।